# समाहरणालय, कटिहार

उदयन मिश्रा, भा०प्र०से०,
जिला पदाधिकारी, कटिहार।
☎ :– 06452–230583 (R)
06452–230581 (O)
फैक्स :– 06452–230880
E-mail – dm-katihar.bih@nic.in

सामान्य प्रशाखा

पत्रांक :(संचिका सं0 12–07/2021) 445 /सा०, दिनांकः 08-03-2022

सेवा में,

प्रभारी सचिव–सह–विधि परामर्शी,
विधि विभाग, बिहार, पटना।

विषय :– बिहार विधान सभा में दिनांक 07.03.2022 को ध्यानाकर्षण सूचना से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक 1306, दिनांक 07.03.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि अध्यक्ष, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, पटना के पत्रांक 5425, दिनांक 05.03.2022 के आलोक में बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन का नियम 104 (2) के अन्तर्गत श्री संजय सरावगी एवं अन्य माननीय सदस्य, स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण के संबंध में सूचना इस कार्यालय के पत्रांक 439/सा0, दिनांक 05.03.2022 द्वारा अध्यक्ष, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, पटना को उपलब्ध करा दी गई है। सुलभ संकेत हेतु उक्त पत्र की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जाती है।

सूचनार्थ।

अनुलग्नकः यथोक्त।

विश्वासभाजन

8/3/2022

जिला पदाधिकारी,
कटिहार।

# समाहरणालय, कटिहार

उदयन मिश्रा, भा०प्र०से०,
जिला पदाधिकारी, कटिहार।
☎ :- 06452–230583 (R)
06452–230581 (O)
फैक्स :- 06452–230880
E-mail – dm-katihar.bih@nic.in

सामान्य प्रशाखा

पत्रांक :(संचिका सं0 12–07/2021) 439 /सा०, दिनांक: 05.03.2022

सेवा में,

अध्यक्ष,
बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद,
पटना।

विषय :– बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन का नियम 104 (2) के अन्तर्गत श्री संजय सरावगी एवं अन्य माननीय सदस्य, स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक 5425, दिनांक 05.03.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि कटिहार जिलान्तर्गत धार्मिक न्यास पर्षद से कुल 64 मंदिर निबंधित हैं, जिसका रकवा 60 एकड़ 420 डी0 है तथा कुल 38 अनिबंधित मंदिरों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसका रकवा 98 एकड़ 73 डी0 है। संबंधित मंदिरों की परिसम्पत्ति को पैमाईश कराकर पिलरिंग कराने के निमित्त इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 106/सा0, दिनांक 20.01.2022 द्वारा कार्य योजना तैयार कर सभी अंचलाधिकारी/सभी राजस्व पदाधिकारी/सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता/सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, कटिहार जिला को आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। कटिहार जिलान्तर्गत न्यास पर्षद की परिसम्पत्ति का अतिक्रमण की सूचना अबतक प्राप्त नहीं हुआ है।

सूचनार्थ।

विश्वासभाजन

5/3/2022

जिला पदाधिकारी,
कटिहार।